राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के शुभारम्भ में वीसी से जुड़े राज्यपाल

## राजभवन में होगा टी.बी. नियंत्रण सैल का गठन

जयपुर, 9 सितम्बर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुक्रवार को वर्चुअल शुभारम्भ किया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसमें शामिल हुए। राज्यपाल श्री मिश्र ने बताया कि वर्ष 2025 तक तपेदिक (टीबी) को खत्म करने के लक्ष्य की ओर काम करते हुए राजभवन स्तर पर भी टी.बी. नियंत्रण सैल का गठन किया जाएगा।

----